नेमार ने पीएसजी के साथ रहने के दिए संकेत

पेरिस 12 मई (ए)। ब्राजीली फारवर्ड नेमार ने सत्र के अंत में अपने फ्रेंच चैंपियन क्लब से नाता तोड़ने की अफवाहों पर विराम लगाते हुये पेरिस सेंट जर्मेन की 2018-19 की टी-शर्ट पहनकर सोशल नेटवर्किंग साइट पर अपनी तस्वीर साझा की है। नेमार ने ट्विटर पर अपनी तस्वीर पोस्ट की है जिसमें उन्होंने फ्रेंच क्लब पीएसजी की टी-शर्ट

पहनी हुई है जिससे उनके 2018-19 सत्र में भी क्लब के साथ बने रहने की अब उम्मीद है। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने साथ ही लिखा, 'मुझे नई जर्सी पहनकर गर्व महसूस हो रहा है और मैं अपने क्लब को आगे भी खुशियां देता रहूंगा।' ब्राजीली फुटबालर पैर की चोट से जूझ रहे हैं। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि नेमार ने पीएसजी क्लब के निदेशकों से क्लब छोड़ने के लिए कहा है। नेमार 22.2 करोड़ यूरो की विश्व रिकार्ड डील के साथ बार्सिलोना से पीएसजी में शामिल हुए थे। मीडिया में खबरें थीं कि नेमार अब स्पेनिश क्लब रियाल मैड्रिड के लिए खेलना चाहिए हैं। मैड्रिड ने वर्ष 2013 में नेमार के साथ पहले करार करने का प्रयास किया था लेकिन ब्राजीली फुटबालर सांतोस से बार्सिलोना में शामिल हो गए थे।

जेवन सरल्स ने डैब्यू मैच में 6 रन बनाकर ही बना दिया वर्ल्ड रिकॉर्ड

इंदौर 12 मई (ए)। इंदौर के होलकर स्टेडियम में पंजाब किंग्स इलैवन और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच खेले गए मैच दौरान कोलकाता ने पहले खेलते हुए इतिहास बना दिया। कोलकाता के बल्लेबाजों ने

आईपीएल का तीसरा सर्वोच्च स्कोर 245 बनाया। साथ ही आईपीएल में डैब्यू कर रहे कोलकाता के जीवन सरल्स ने ऐसा रिकॉर्ड बनाया जो वर्ल्ड क्रिकेट में शायद ही किसी बल्लेबाजों के नाम पर हो। मूलतः वेस्टइंडीज के रहने वाले जेवन सरल्स ने अपने डैब्यू मैच दौरान जो गेंद खेली उसी पर छक्का लगा दिया। ऐसा कर वह पहले ही मैच में पहली ही गेंद पर छक्का लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। सरल्स कोलकाता के कप्तान दिनेश कार्तिक के आऊट होने पर क्रीज पर आए थे। लेकिन तब शुभमन गिल स्ट्राइक एंड पर थे। आखिरी गेंद सरल्स को जो खेलने को मिली। उसी पर उन्होंने छक्का लगा दिया। जेवन का पूरा नाम जेवन फिलिप रामन स्कैटलेबरी सरल्स है। बारबाडोस में जन्मे 31 साल के जेवन ने अब तक 37 ट्वंटी-20 मैच खेले हैं। इसमें बल्लेबाजी करते हुए 188 रन तो गेंदबाजी करते समय 22 विकेट उनके नाम पर है। खास बात यह है कि गेंदबाजी करते वक्त उनका औसत महज 21.09 है जबकि उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पांच रन देकर चार विकेट है।

रूस में डोपिंग का खुलासा करने वाले रिपोर्टर को विश्व कप के लिए वीजा नहीं

बर्लिन 12 मई (ए)। रूस में राज्य प्रायोजित डोपिंग का खुलासा करने वाले जर्मन पत्रकार हाजो सेपेल्ट को रूस में होने वाले विश्व कप फुटबॉल का वीजा नहीं दिया गया है। रिपोर्टर ने कहा,' राज्य प्रायोजित डोपिंग का खुलासा करने के प्रभाव इतने दूरगामी थे कि रूस को लगा कि इस तरह के कदम उठाने होंगे। इससे खुद साबित हो जाता है।'' उसका वीजा आवेदन यह कहकर खारिज किया गया कि वह रूस में 'अवांछित व्यक्तियों' में शामिल है।

आईपीएल के प्लेऑफ मैचों की टाइमिंग को लेकर बीसीसीआई ने उठाए सवाल

नई दिल्ली 12 मई (ए)। प्रशासकों की समिति और बीसीसीआई के मुख्य पदाधिकारियों के बीच मतभेद फिर उजागर हो गए जब कोषाध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी ने आईपीएल के प्लेऑफ मैचों का समय रात आठ बजे की बजाय सात बजे करने के फैसले पर सवाल उठाये। राजीव शुक्ला की अध्यक्षता वाली आईपीएल संचालन परिषद ने फैसला लिया है कि आखिरी दौर के मैच जल्दी शुरू होंगे। सीओए प्रमुख विनोद राय ने कोषाध्यक्ष को अपने जवाब में लिखा कि यह फैसला शुक्ला की जानकारी में लिया गया है। कोषाध्यक्ष ने आरोप लगाया था कि यह निर्णय लेने की अस्थायी प्रक्रिया है और यह भी पता नहीं है कि संचालन परिषद के बाकी सदस्यों को इसकी जानकारी है या नहीं। राय ने कहा कि चूंकि प्लेआफ में एक दिन में एक ही मैच होना है और पुरस्कार

वितरण समारोह में काफी समय लगता है तो मैच सात बजे शुरू करना ठीक है । वहीं चौधरी ने सीओए को लिखे ईमेल में कहा ,'' इस तरह का फैसला सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर टूर्नामेंट से पहले लिया जाना चाहिये था। टूर्नामेंट के दौरान यह करना सही नहीं है । इससे लगता है कि निर्णय लेने की प्रक्रिया अस्थायी है । फाइनल में अब ज्यादा समय नहीं है और इस समय ऐसे फैसले नहीं लिये जा सकते। ''

पाकिस्तान-आयरलैंड ऐतिहासिक टेस्ट

पहली गेंद पर ही जख्मी हुआ पाकिस्तानी बल्लेबाज

डबलिन 12 मई (ए)। आईसीसी द्वारा टेस्ट खेलने की मान्यता मिलने के बाद आयरलैंड का पहला मैच शनिवार को डबलिन के मैदान पर शुरू हो गया। आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया था। लेकिन आयरलैंड के तेज गेंदबाज टिम मुरताघ की पहली ही गेंद पर पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज इमाम-उल-हक चोट खा बैठे। हुआ यूं कि टिम मुरताघ की पहली गेंद पर अजहर अली लेग साइड में खेल कर रन लेने के लिए भागे जिनका साथ दूसरी छोर पर खड़े इमाम ने भी दिया। रन पूरे करने के दौरान इमाम विकेटकीपर निआल ओ' ब्रायन और टायरोन केन से बुरी तरह टकरा गए। इस टक्कर से इमाम कुछ देर तक मैदान पर पड़े रहे और उन्हें चिकित्सा सुहैया कराई गई। इसके बाद इमाम हालांकि खड़े हुए और पारी की अपनी पहली गेंद का सामना किया।इमाम पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता और पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक के भांजे है और टीम में उनके चयन पर सवाल भी उठे। इमाम ने हालांकि दोनों अभ्यास मैचों में शानदार बल्लेबाजी कर आलोचकों को जवाब दिया। बारिश के कारण कल मैच का पहला दिन धुल गया था और मैच आज शुरू हो सका।

नडाल मैड्रिड ओपन के क्वार्टर फाइनल में हारे

नंबर वन रैंकिंग गंवाना तय

मैड्रिड 12 मई (ए)। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी स्पेन के राफेल नडाल को ऑस्ट्रिया के डॉमिनिक थिएम के हाथों 5-7, 3-6 से उलटफेर का शिकार होकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा है, जिसके साथ ही उनका शीर्ष रैंकिंग गंवाना भी तय हो गया है। गत माह मोंटे कार्लो क्वार्टर फाइनल में नडाल से हारे थिएम ने अपना बदला भी चुकता कर लिया है। उन्होंने गत वर्ष रोम मास्टर्स में भी नडाल को हराया था और क्ले कोर्ट पर नडाल से जीतने वाले आखिरी खिलाड़ी हैं। स्पेनिश खिलाड़ी ने एक दिन पहले ही अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्टजमैन को हराकर क्ले कोर्ट पर लगातार 50 सेट जीतने का रिकार्ड बनाया था।

नंबर वन रैंकिंग गंवाना तय

31 वर्षीय नडाल के क्वार्टरफाइनल में हारने से उनका एटीपी रैंकिंग में शीर्ष स्थान गंवाना तय है जिससे स्विटजरलैंड के रोजर फेडरर फिर से दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी बन जाएंगे। 24 साल के आस्ट्रियाई खिलाड़ी ने पहले सेट में बेहतरीन ग्राउंडस्ट्रोक लगाए जबकि क्ले कोर्ट किंग कहे जाने वाले नडाल ने काफी लचर खेल दिखाया और बेजां भूलें कीं। दूसरे सेट में थिएम ने 3-1 की बढ़त बनाई। हालांकि गत चैंपियन खिलाड़ी ने अगले



छह गेम जीतकर बराबरी की लेकिन थिएम ने अगले 11 में से 10 अंक जीतकर दो घंटे से कम समय में मैच अपने नाम कर लिया। नडाल ने हारने के बाद कहा, मैंने आज के मैच में अच्छा खेल नहीं दिखाया। यहां मेरा सफर समाप्त हो गया। कई दिन आप अच्छा नहीं खेल पाते हैं और उस दिन आपके विपक्षी बहुत अच्छा खेलते हैं। नडाल जहां रैंकिंग में दूसरे नंबर पर खिसक जाएंगे वहीं पांचवीं सीड थिएम के नाम क्ले कोर्ट पर नडाल को हराने वाला मात्र तीसरा खिलाड़ी बनने की उपलब्धि दर्ज हो गई है। इससे पहले अर्जेंटीना के गास्टन गोडियो और सर्बिया के नोवाक जोकोविच इस सूची में शामिल थे। आस्ट्रियाई खिलाड़ी ने कहा, राफा ने मुझे मोंटे कार्लो में हराया था इसलिए मुझे इस बार अपने खेल के स्तर को ऊंचा करने की जरूरत थी। नडाल ने 21 मैचों में क्ले पर 50 सेट जीते हैं, तो उन्हें हराने के लिये असाधारण खेल की जरूरत थी। हालांकि हार के बावजूद नडाल अगले महीने से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन को रिकार्ड 11वीं बार जीतने के दावेदार माने जा रहे हैं। मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थिएम के सामने अब अगली चुनौती दक्षिण अफ्रीका के केविन एंडरसन की होगी जिन्होंने पिछले छह करियर मुकाबलों में थिएम को हराया है। छठी सीड एंडरसन गत वर्ष यूएस ओपन के उपविजेता रहे हैं और उन्होंने सर्बिया के दुसान लाजोविच को 7-6, 3-6, 6-3 से हराया। ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी काइल एडमंड का भी कनाडा के युवा खिलाड़ी डेनिस शापोवालोव के खिलाफ 7-5,6-7,6-4 की हार के साथ सफर समाप्त हो गया।

खली का 7 फुट लंबा शिष्य, अकाउंटेंसी छोड़ बना रिंग का किंग

पंजाब 12 मई (ए)। द ग्रेट खली की रेसलिंग अकदमी सीडब्ल्यूई से कई प्रतिभाएं निखर कर सामने आ रही हैं। आपको याद होगा कुछ समय पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक लड़की सलवार सूट में एक महिला पहलवान को जमकर पटखनी दे रही थी। ये लड़की कोई मामूली पहलवान नहीं थी, बल्कि डब्ल्यूडब्ल्यूई में धूल मचा चुके द ग्रेट

खली की ही शिष्या थी। खली अपनी एकेडमी में ऐसी ही होनहार प्रतिभाओं को तराश रहे हैं।

7 फुट का शैंकी सिंह- खली की अकादमी में शैंकी सिंह नया सितारा है। शैंकी मूल रूप से हरियाणा के हैं और उनका कद द ग्रेट खली की ही तरह 7 फीट है। हालांकि शरीर के मामले में वे अभी उस लेवल तक नहीं पहुंच पाए हैं। खली की अकादमी में वे लगातार प्रशिक्षण ले रहे हैं और डब्ल्युडब्ल्यूई में धमाल मचाने को तैयार है। पंजाब केसरी से बातचीत में शैंकी ने बताया कि वे अकॉउंटेंट की नौकरी करते थे और अपने कद को लेकर अक्सर लोगों के ताने झेलते थे। लेकिन खली की अकादमी में आने के बाद उनका भाग्य ही बदल गया। अब लोग उसी कद-काठ को लेकर तारीफों के पुल बांधते हैं। उनके मुताबिक खली की अकादमी और लोग सीडब्ल्यूई इस विद्या में आने वालों के लिए वरदान से कम नहीं है।

लंदन से नौकरी छोड़कर आई चीना- लंदन से नौकरी छोड़कर आई चीना आलिया भी खली की देखरेख में ट्रेनिंग ले रही हैं। चीना ने पंजाब केसरी को बताया कि वे लंदन से बैंक की नौकरी छोड़कर रेसलिंग की दुनिया में आई हैं। चीना का मलाल है कि अभी भी देश में लड़कियों का पहलवानी में आना इतना आसान नहीं है और समाज की कई बंदिशें हैं। लेकिन धीरे धीरे माहौल बदल रहा है जिसके पीछे ग्रेट खली की मेहनत है। चीना को अपने माता पिता का राजी करने के लिए खूद दो साल का वक्त लगा।

हसीन जहां ने अमरोहा में की शॉपिंग

अमरोहा 12 मई (ए)। क्रिकेटर मोहम्मद शमी की पत्नी हसीन जहां कल शाम को बाजार में शॉपिंग करने पहुंच गई। उन्होंने अपने व बेटी के लिए कपड़े खरीदे। लगभग डेढ़ घंटा बाजार में रहीं हसीन जहां बाद में जोया वापस लौट गई। उनके साथ तीन महिलाएं और भी थीं। इस दौरान हसीन जहां को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। क्रिकेटर मोहम्मद शमी की पत्नी हसीन जहां रविवार से जोया में ही रह रही हैं। दरअसल पति मोहम्मद शमी पर आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराने के बाद रविवार को वह अपनी बेटी आएरा के साथ पहली बार सहसपुर अलीनगर स्थित ससुराल पहुंची थीं परंतु वहां ताला लगा हुआ था। रविवार शाम से ही हसीन जहां अपनी बेटी के साथ जोया निवासी परिचित के घर रह रही हैं। पुलिस व प्रशासनिक अफसरों से मदद न मिलने के बाद हसीन जहां ने इस विवाद को सुलटाने के लिए तुर्क बिरादरी का सहारा लिया है। तुर्क बिरादरी ने जल्दी

ही इस मामले को निपटाने का भरोसा भी दिया है। जोया में रह रही हसीन जहां गुरुवार को भी अमरोहा नगर पहुंची थीं। यहां पर वह अपने एक परिचित के घर शाम तक रुकी थीं। शुक्रवार को भी वह दिनभर मीडिया से दूर रहीं। उनके कहीं आने-जाने की जानकारी नहीं हो सकी। चर्चा थी कि वह शुक्रवार शाम को सम्भल निवासी पूर्व सांसद डॉ. शफीक-उर-रहमान बर्क से मिलकर अपनी बात उनके सामने रखने सम्भल जाएंगी परंतु वह सम्भल के बजाए शाम लगभग छह बजे अचानक अमरोहा पहुंच गईं। तीन अन्य महिलाओं के साथ हसीन जहां अमरोहा के बाजार में घूमीं तथा यहां शॉपिंग की। लगभग डेढ़ घंटा तक बाजार में रहने के बाद हसीन जहां ने अपने व बेटी के लिए कपड़े व अन्य सामान खरीदा। जब लोगों को इसकी भनक लगी तो उन्हें देखने के लिए भीड़ जुटने लगी।

भीड़ जुटती देख हसीन जहां व तीनों महिलाएं कार से वापस जोया चली गईं।

सहवाग से बहस के बाद प्रीती का बयान, बोली

मुझे विलेन बनाया जा रहा है

इंदौर 12 मई (ए)। किंग्स इलेवन पंजाब की राजस्थान रॉयल्स से मिली शर्मनाक हार के बाद टीम की को-ऑनर प्रीति जिंटा काफी गुस्से में नजर आई थीं। मीडिया में खबरें उठने लगी थी कि सहवाग और प्रीती के बीच कहासुनी हुई है। प्रीती ने सोशल मीडिया पर बयान देकर इन सब बातों को ठुकरा दिया है।

गौरतलब है कि अपने पिछले मैच में आरआर के हाथों 15 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। मैच के बाद टीम की को-ऑनर प्रीती जिंटा को काफी गुस्से में देखा गया था। उनकी गुस्से में वीरू के साथ कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया में वायरल हो गई थी। जिसके बाद मीडिया में प्रीती और सहवाग के बीच कहासुनी की खबरें तेजी से फैलने लगी थी। खबरें यहां तक बढ़ गई थीं की इस बहस के कारण सहवाग नाराज हो गए हैं और टीम का साथ छोड़ने का भी फैसला ले सकते हैं। जिसके बाद इन सब बातों को नकार दिया था। टीम फ्रेंचाइजी द्वारा जारी बयान में इन खबरों को काल्पनिक बताते हुए कहा गया, हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि मैनेजमेंट प्रोसेस के तहत हम मैदान पर और इसके बाहर टीम के परफोर्मेंस की समीक्षा करते हैं और ये समीक्षा औपचारिक और अनौपचारिक, दोनों तरीकों से की जाती है। इस समाक्षा से हमें अपने परफोर्मेंस में सुधार करने में मदद मिलती है। उस बयान में ये भी कहा गया कि किंग्स इलेवन पंजाब की टीम की प्रवती ऐसी है जिसमें टीम के सभी सदस्य साथ खुलकर बहस करते हैं। टीम ने बताया की वे ऐसा इसलिए करते हैं

ताकि टीम प्रदर्शन में लगातार सुधार हो। अब प्रीती ने भी एक ट्वीट के जरीए इन सब खबरों को गलत ठहरा दिया है। साथ ही उन्होंने एक इंटर्व्यू में भी इन सब खबरों को निराधर बताया। प्रीती के मुताबिक वो वीरू के साथ टीम के प्रदर्शन पर चर्चा कर रही थीं, जो की मैच के बाद हर टीम मैनेजमेंट करती है।

उन्होंने अपने ट्वीट में भी इन सब खबरों को फेक न्यूज करार किया है। उन्होंने कहा, वीरू और मेरे बीच हुई बातचीत एक को गलत तरीके से तूल दिया गया है और अचानक मैं एक विलियन हूं! वाह !